जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

Follow us:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-32 | जयपुर, सोमवार, 24 अगस्त, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# चौमूं में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, चुनावों में कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता का संदेश

**जयपुर (हमारा वतन)**

आगामी नगर निकाय चुनाव-2026 की तैयारियों को सुदृढ़ करने तथा संगठनात्मक रणनीति को गति देने हेतु चौमूं के रेनवाल रोड स्थित रजवाड़ा गार्डन में भाजपा नगर मंडल चौमूं द्वारा 'कार्यकर्ता सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चुनाव प्रभारी सुमन शर्मा, जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, भाजपा प्रवक्ता रामलाल शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता की फोटो के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, 'यह चुनाव केवल उम्मीदवारों का नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और प्रतिष्ठा का चुनाव है। पार्टी प्रत्येक वार्ड में सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता को ही चुनाव मैदान में उतारने का कार्य करेगी।'

रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को विजय मंत्र देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी दावेदारी पेश करने का पूरा अधिकार है, परंतु टिकट घोषणा के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर पूरी ताकत के साथ पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए मैदान में उतरना होगा। उन्होंने वार्ड के प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्डों की वास्तविक स्थिति से संगठन को निरंतर अवगत करवाएं ताकि सटीक रणनीति बनाई जा सके। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयपुर जिला देहात उत्तर जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित और अनुशासित पार्टी है। पार्टी की असली ताकत



धरातल पर अहोरात्र परिश्रम करने वाला कार्यकर्ता है। हम सभी एकजुट होकर, कड़ी से कड़ी जोड़कर चुनाव लड़ेंगे और चौमूं नगर परिषद में प्रचंड बहुमत से भाजपा का बोर्ड बनाएंगे। नगर परिषद चौमूं की चुनाव प्रभारी सुमन शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पिछले ढाई वर्षों में चौमूं क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि वे प्रभारी के रूप में नहीं, बल्कि नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनाने के लिए एक सहयोगी के तौर पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्य करेंगी।

सम्मेलन में नगर मंडल चौमूं अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, जिला उपाध्यक्ष अर्चना कुमावत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, नानूराम सैनी, कालूराम जाट, पूर्व प्रधान महेश मीणा, दिनेश गोरा, राजकुमार सैनी, जयप्रकाश चौधरी, योगेश्वर दास, श्याम कुमावत, हजारी लाल शर्मा, पवन चोपड़ा, सहित वार्डों के संयोजक, सह-संयोजक, प्रभारी, सह-प्रभारी, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, संचालन समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जयपुर जिले के 45 पशु चिकित्सा कर्मियों का हुआ भव्य सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर चौमूं स्थित एक निजी होटल में जयपुर जिले के पशु चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह की अध्यक्षता पशुपालन विभाग (राजस्थान सरकार) दातारामगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ.केएल सोनी ने की। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. के एस यादव (रेनवाल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नोडल अधिकारी डॉ. लालचंद यादव, डॉ. रामदास यादव, डॉ. विजय यादव, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. शिवकुमार तथा IVVAN हेल्थ




केयर कंपनी के डायरेक्टर रविकांत यादव एवं उनकी टीम शामिल रही।

समारोह के दौरान घिनोई निवासी डेयरी सचिव डॉ. रामचंद्र यादव सहित जयपुर जिले के कुल 45 पशु चिकित्सा कर्मियों को प्रमोटिंग आइटम एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. रामचंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पशु चिकित्सा कर्मियों के सम्मान समारोह के साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा IVVAN हेल्थ केयर कंपनी के कुछ नए पशु स्वास्थ्य उत्पादों का भी आधिकारिक शुभारंभ (लॉन्च) किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने पशुपालकों एवं पशु स्वास्थ्य सेवाओं में लगे कर्मियों के योगदान की सराहना की।

# निःशुल्क न्यूरोथेरेपी उपचार एवं प्रशिक्षण कैम्प का हुआ भव्य शुभारम्भ

**जयपुर (हमारा वतन)।** नारायण सेवा न्यूरोथेरेपी केन्द्र द्वारा हाथनौदा,तहसील चौमूँ, जयपुर में आज से 3 दिवसीय निःशुल्क न्यूरोथेरेपी उपचार एवं प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारम्भ हुआ ।अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्त ा पंडित रविंद्र आचार्य, कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत और पूर्व सरपंच कैलाश चंद्र सैनी ने दीप प्रज्वलन कर कार्य म का शुभारंभ किया। यह आयोजन न्यूरोथेरेपी के जनक डॉ. लाजपतराय मेहरा के 94वें जन्मदिन के अवसर पर 'न्यूरोथेरेपी-डे' के रूप में आयोजित किया जा रहा है । कैम्प के संचालक कल्याण सिंह गुर्जर ने बताया कि निःशुल्क न्यूरोथेरेपी प्रशिक्षण 21 अगस्त एवं 22 अगस्त 2026 को एवं



निःशुल्क न्यूरोथेरेपी उपचार 23 अगस्त 2026 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया। कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएँ मिली। न्यूरोथेरेपी की सुपरस्पेशलिस्ट टीम द्वारा मरीजों का डायग्नोज एवं उपचार किया गया । कैम्प के संचालक कल्याण सिंह गुर्जर पूर्व सैनिक, सीनियर न्यूरोथेरेपिस्ट हैं। इस दौरान न्यूरोथेरेपी चिकित्सक - वैद्य रतन चंद शिमला, हंस राज जांगिड अजमेर, घासीराम गुर्जर, गोमाराम गुर्जर, नारायण फौजी, लल्लू राम, अजय जांगिड़, गजानंद सैनी, जितेंद्र सैनी, कमलेश कुमार जाट, रतनलाल खटाना सहित कई लोग मौजूद रहे।




# राहुल गांधी ने छात्रों की गूंज कार्यक्रम में कहा- मनु स्मृति में महिलाओं पर गलत व्याख्या

**पुणे (हमारा वतन)।** पुणे में राहुल गांधी ने छात्रों की गूंज कार्यक्रम मे कहा कि मैं यहां आपसे संवाद करने आया हूं। विचारों और उन पर चर्चा करने आया हूं। हर कोई अपने आप में अनूठा है। आप सब अपने आप में खास हो। मैं यहां आपको सुनने आया हूं। मैं यहां राजनीति की बात करने नहीं आया।

हमने एक दिलचस्प शब्द सोचा- कंट्रोल (नियंत्रण) क्या आपको लगता है कि समाज आपको कंट्रोल करने की कोशिश करता है, पुरुष आपको कंट्रोल करने की कोशिश करते हैं, आप जो भी करते हैं उसमें? तो, यहाँ एक जाल है, और कंट्रोल करने के चार तरीके हैं।

कंट्रोल का पहला तरीका है- हिंसा,



कंट्रोल का दूसरा तरीका है- अनादर, समय का इस्तेमाल आपके खिलाफ किया जाता है, और ज़िंदगी के हर क्षेत्र में, किसी न किसी तरह, पुरुष और सिस्टम आपको कंट्रोल करने की कोशिश कर रहे हैं। और बहुत दिलचस्प बात यह है कि इस दमन को फिक्र का नाम दिया जाता है। हमें आपकी बहुत फिक्र है। इसीलिए हमें आपको कंट्रोल करने की ज़रूरत है।

उन्होंने आगे कहा कि मनु स्मृति में महिलाओं पर गलत व्याख्या की गई है। महिलाओं की पहचान उनकी खुद की है। 70 करोड़ महिलाएं बेहद अहम हैं। महिलाएं स्वभाव से पुरुषों की तुलना में ज़्यादा संवेदनशील, कोमल, दयालु और भविष्य की सोच रखने वाली होती हैं और इसीलिए मेरा पक्का मानना है कि भारत की महिलाएं ही देश की सबसे बड़ी संपत्ति हैं। बेटी, पत्नी, मां महिलाओं की पहचान नहीं होती। किसी रिश्ते से बढ़कर महिलाओं की पहचान है।

# UEM तकनीकी बोनांजा अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)**

यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर द्वारा कैंपस में जिले के शीर्ष विद्यालयों के बीच सबसे बड़ी अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता - CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) का आयोजन किया गया।

अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता- CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर के वाईस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, एसोसिएट डीन- डॉ. मुकेश यादव, कृशानु बनर्जी, सुमन चक्रबर्ती आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया।

अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता -CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) में श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, G S S S, चौमूं, PM श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चौमूं, सेंट एंसलेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राघव वर्ल्ड स्कूल, श्री प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, टाइनी टॉट्स कॉन्वेंट स्कूल, सेंट लॉरेंस पब्लिक स्कूल, जैतपुरा, क्यूरियस किड्स एकेडमी आदि सहित जयपुर ग्रामीण के अधिकतम टॉप स्कूलों से विज्ञान के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/ कोलकाता द्वारा श्री चैतन्य टेक्नो को अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता-CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चैंपियन स्कूल व सेंट एंसलेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौमू को उपविजेता स्कूल वर्ष 2026 का ख़िताब



देकर पुरस्कृत किया गया।

अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता- CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) कार्यक्रम में छात्रों ने पांच स्पर्धाओं 1. NIRMANA - विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता - कक्षा 9 से 12 तक, 2. पाइथागोरस स्टार - मैथ्स टेस्ट - कक्षा 9 और 10 तक, 3. PYTHAGORAS PRO - मैथ्स टेस्ट - कक्षा 11 और 12 तक, 4. जिज्ञासा प्रतियोगिता कक्षा - 11 से 12 तक व 5. जनरल - क्विज प्रतियोगिता कक्षा - 09 से 12 में भाग लिया।

प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/कोलकाता की और से नकद पुरस्कार के साथ साथ योग्यता प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्विद्यालय के रविंद्र मांजू, ऋदय बनर्जी, शुभदीप घोष, पिनाकी करमाकर के अलावा एडमिशन विभाग के आशुतोष गौतम, महेश चौधरी, बाबूलाल शर्मा शामिल हुए साथ ही कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथिओं का यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रेलगाड़ी

लोहे की पटरियों पर
सरपट दौड़ती रेलगाड़ी
बहुत कुछ अपने पीछे छोड़ जाती है
तमाम सीटों पर बैठे
लगभग एक जैसे चेहरे
और उन की संवेदनाओं
के झरोखे से झलकती
एकमात्र वेदना
वेदना किसी अपने के छूटने की
या किसी के मन में दबी हुई
अनकही कुछ बातों के
होठों तक न आ पाने की
कोई छोड़ कर जा रहा है
अपना सब कुछ
'और' बहुत कुछ पाने की लालसा में
कोई जा रहा है जीवन 'जो' है
उसे और बेहतर बनाने की आकांक्षा में
रेलगाड़ी में बैठे अधिकतर चेहरे
अपने कल को संवारने जा रहे हैं
हाँ वो अपने कल को संवारने जा रहे हैं
परंतु अपने आज को खोने
की कीमत पर
ये रेलगाड़ी रोज
अपने समय पर यूँ ही चलती है
बस हर सीट पर
हमेशा एक नया चेहरा नजर आता है
और नजर आती है
संवेदनाओं से झांकती वेदना।



विनोद शर्मा 'वेणु'

## यंग इंडिया फाउंडेशन सामोद के तत्वावधान में आयोजित हुआ भव्य सम्मान समारोह



**जयपुर (हमारा वतन)**

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर यंग इंडिया फाउंडेशन, सामोद के तत्वावधान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों एवं महिला सफाईकर्मी का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में गांव की सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाली माता-बहनों का सम्मान किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर महिला शक्ति के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संदेश रहा- नारी शक्ति का सम्मान, समाज के विकास की पहचान। इस अवसर पर सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। समारोह ने ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को सम्मान देने और उनके उत्साहवर्धन की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया।

## अब ज्वाइनिंग कर सकेंगे अधिकारी-कर्मचारी

### ट्रांसफर, पोस्टिंग और नई ज्वाइनिंग को लेकर निर्वाचन आयोग ने जारी की गाइडलाइन

जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश में आचार संहिता लगने के कारण उन राज्य कर्मचारियों, अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई, जिनके ट्रांसफर-पोस्टिंग चुनावी घोषणा से पहले हुए थे और उन्होंने नए पदों पर ज्वाइनिंग नहीं दी। ऐसे कर्मचारियों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने गाइडलाइन जारी की है। आयोग ने अब ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए 24 अगस्त तक ज्वाइनिंग की प्रक्रिया पूरी करने का समय दिया है। इसके साथ ही उन नवनियुक्त कर्मचारी, अधिकारी जिनका नियुक्ति आदेश आचार संहिता लगने से पहले हो गया और उन्होंने अब तक नौकरी ज्वाइन नहीं की, उनको सरकार या विभाग ज्वाइनिंग करवा सकती है।




## राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में मनाया हर घर तिरंगा अभियान

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक डॉ. अशोक पाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत वर्ष 2022 में देश की आज़ादी के 75वें वर्ष पर आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत की गई थी। इसका उद्देश्य हर घर पर तिरंगा फहराना है।

इसकी शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों के मन में देशभक्ति की भावना को जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए ध्वज संहिता के नियमों की जानकारी देना है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारत को इससे प्रेरणा मिल रही है। हर घर तिरंगा अभियान को वंदे मातरम् की भावना को समर्पित करते हुए 09 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा समारोह एवं तिरंगा वंदे मातरम् गायन शामिल रहे। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा बांग्ला भाषा में सन् 1874 में लिखा गया था। 24 जनवरी 1950 को इसे भारतीय संविधान सभा द्वारा राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया गया। इसे विश्व के प्रमुख राष्ट्रीय गीतों में विशिष्ट स्थान प्राप्त है।

## जवाहर कला केंद्र में सजा फोटोग्राफी का महाकुंभ, फोटो और पेंटिंग का हुआ संगम

**जयपुर (हमारा वतन)।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में आयोजित 'नजर फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन' के पांचवें सीजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी 21 से 23 अगस्त तक आयोजित की गयी, जिसमें देश-विदेश के विभिन्न स्थानों के साथ राजस्थान की संस्कृति, प्रकृति, वन्यजीवन और जनजीवन से जुड़ी चुनिंदा तस्वीरों के साथ पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की गई हैं।



प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने फीता खोलकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरों और पेंटिंग्स का अवलोकन किया तथा फोटोग्राफर्स और कलाकारों के कला कौशल एवं रचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने की कला नहीं, बल्कि किसी क्षण, भाव और कहानी को सहेजने का माध्यम है। ऐसी प्रदर्शनियां कलाकारों की रचनात्मकता को सामने लाने के साथ समाज को अलग-अलग दृष्टिकोणों से देखने का अवसर देती हैं। 'नजर' प्रदर्शनी में फोटोग्राफी और पेंटिंग का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से प्रकृति और वन्यजीवन से जुड़ी तस्वीरों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी तस्वीरें लोगों को पर्यावरण और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आयोजक रेणुका कुमावत, संजय कुमावत, अदिति अग्रवाल, डॉली अग्रवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरों और पेंटिंग्स की विषयवस्तु की जानकारी दी।

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.
Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. आरएसएसबी, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 874, अंतिम तिथि 14 सितंबर 2026
2. संघ लोक सेवा आयोग, पद ईपीएफओ एपीएफसी, पद संख्या 80, अंतिम तिथि 11 सितंबर 2026
3. बैंक ऑफ़ बडौदा, पद लोकल बैंक ऑफिसर, पद संख्या 2482, अंतिम तिथि 7 सितंबर 2026
4. एलएसजी डिपार्मेंट राजस्थान, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 24752, अंतिम तिथि 28 सितंबर 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 3993, अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026
6. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एसोसिएट क्लर्क, पद संख्या 9124, अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026
7. जीआईएमएस नोएडा, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 100, अंतिम तिथि 7 सितंबर 2026
8. रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 734, अंतिम तिथि 5 सितंबर 2026




# हक के बाद यामी गौतम बनेंगी फिल्म 'नई नवेली' की 'डायन', दशहरा पर फैंस को मिलेगा तोहफा

यामी गौतम की नई फिल्म 'नई नवेली' का एलान हो गया है। एक्ट्रेस इस फैंटसी ड्रामा फिल्म में लीड किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म की कहानी भी सामने आ गई है जिसमें उन्हें डायन बताया जा रहा है। जानिए कब रिलीज होगी ये फिल्म। यामी गौतम ने पिछले कुछ सालों में फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से ऑडियंस को हैरान किया है। उन्हें फिल्म धूम धड़ाम में कॉमेडी करते हुए देखा गया था और हक में एक गंभीर मुद्दे पर बात करते नजर आई थीं। अब यामी एक बार एक फिर अनोखी कहानी का हिस्सा बन गई हैं। फिल्म का नाम है 'नई नवेली'। इसका मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है जिसे देखने के बाद आपको अंदाजा होगा कि शायद यामी इस फिल्म में एकदम नया किरदार निभाती नजर आने वाली हैं। ये एक हॉरर बेस्ड फिल्म हो सकती है।



**यामी गौतम की नई फिल्म-** Amazon MGM Studios और Colour Yellow ने अपनी नई फैंटसी ड्रामा फिल्म का एलान एक मोशन पोस्टर से किया है। इस पोस्टर में दुल्हन बनीं नजर आ रही यामी को भूत को अपने दुपट्टे से खींचते देखा जा सकता है। फिल्म की कहानी की बात करें तो यामी गौतम एक ऐसी बहू के किरदार में हैं जो अपने ससुराल मेरठ जाती हैं।नई नवेली बहू बनकर यामी जब ससुराल जाती हैं तो उनका नया घर उनके आने से चहक उठता है। घर में सब कुछ खुशहाल हो जाता है। परिवार की खोई हुई खुशियां लौट आती हैं। लेकिन फिर इस नई नवेली दुल्हन के व्यवहार पर दुल्हन के देवर को शक होता है।

## गोविंदा-सुनीता की कॉन्ट्रोवर्सी के बीच बहू कश्मीरा का क्रिप्टिक पोस्ट-शादी टूटने और धोखे से...

कश्मीरा शाह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब उन्होंने एक पोस्ट किया है जिसको लेकर ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने मामा गोविंदा और मामी सुनीता के रिश्ते पर तो नहीं ये बात बोली। गोविंदा और सुनीता आहूजा के रिश्ते में काफी समय से दरार की खबर आ रही है। वहीं सुनीता तो खुलकर गोविंदा पर एक्स्ट्रा मैरिटल के आरोप लगाती हैं। अब इन सबके बीच गोविंदा के भांजे की बहू यानी कश्मीरा शाह ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है और शादी के टूटने और रिश्ते में धोखा देने पर अपनी बात रखी।



**कश्मीरा का क्या है पोस्ट-**कश्मीरा ने दरअसल, बादल की फोटो शेयर की है जिसमें एक हार्ट शेप दिखता है। इस फोटो को शेयर कर कश्मीरा ने लिखा, 'तो क्या ऐसा दिखता है सच्चा प्यार? क्या अब भी है ये? क्या कोई किसी से इतना प्यार करता है कि वह इसके लिए पैसे खर्च करे और उस व्यक्ति को खास महसूस कराए? ऐसा प्यार अब कहां है और कौन है वो इंसान? शादियों के टूटने और लोगों के धोखा देने से बहुत निराशा हो रही है। मुझे लगता है मुझे एक रिएलिटी चेक की जरूरत है।' भले ही कश्मीरा ने डायरेक्टली गोविंदा और सुनीता का नाम नहीं लिखा, लेकिन लोगों को लग रहा है कि उनका यह इशारा, दोनों के लिए ही है।

**सुनीता ने कहा गोविंदा को शुगर डैडी-** बता दें कि हाल ही में गोविंदा को अपनी को-स्टार कोमल के साथ स्पॉट किया गया। इसके बाद जब सुनीता से इस बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि गोविंदा, कोमल के शुगर डैडी हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि गोविंदा को शर्म आनी चाहिए ऐसे खुल्लम खुल्ला साथ स्पॉट हो रहे हैं। सुनीता ने कोमल के कपड़ों पर भी कमेंट किया था।

## मिनी माथुर प्रेग्नेंसी ने छीना था एक्ट्रेस का काम, चैनल ने कहा- भारतीय दर्शक प्रेग्नेंट महिला को...

टीवी की पॉपुलर वीजे और होस्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि जब वो प्रेग्नेंट थीं, उनके हाथ से कई काम निकले। उन्होंने कहा कि उन्हें कहा गया कि भारतीय दर्शक प्रेग्नेंट लेडी को नहीं अपनाएंगे।

**टीवी की सबसे पॉपुलर वीजे रही है ये एक्ट्रेस-**भारत की पॉपुलर वीजे और होस्ट मिनी माथुर ने हाल ही में खुलासा किया कि उनकी प्रेग्नेंसी की वजह से उनके हाथ से काम निकले। जिस चैनल से वो सालों से जुड़ी थीं, उस चैनल ने प्रेग्नेंसी के दौरान उनका कॉन्ट्रैक्ट तक रिन्यू नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक चैनल ने उन्हें होस्टिंग तक नहीं करने दी थी क्योंकि वो प्रेग्नेंट थीं। उनसे कहा गया था कि भारतीय दर्शक प्रेग्नेंट लेडी को नहीं अपनाएंगे।



**मिनी माथुर ने दिया वेस्ट का उदाहरण-** बातचीत में मिनी माथुर ने बताया कि जब प्रेग्नेंट होने की वजह से उनके हाथ से काम छिना तो उन्हें काफी निराशा हुई थी। उन्होंने वेस्ट का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे हेइडी क्लम प्रेग्नेंट होने के बाद भी रनवे शो होस्ट कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम में ऐसा ही होता है।

**प्रेग्नेंसी की वजह से नहीं रिन्यू हुआ कॉन्ट्रैक्ट-**मिनी माथुर ने बताया कि जब वो अपने पहले बच्चे के साथ प्रेग्नेंट हुई थीं।, तब उन्हें एमटीवी के साथ काम करते हुए पांच साल हो गए थे। उन्होंने बताया कि क्योंकि वो प्रेग्नेंट थीं इसलिए उनका कॉन्ट्रैक्ट ही नहीं रिन्यू नहीं हुआ। उन्होंने बताया, जब विवान पेट में था, मैं एमटीवी पर 5 साल बिता चुकी थी। मेरा कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू नहीं हुआ क्योंकि VJs कभी प्रेग्नेंट नहीं होती हैं। मिनी माथुर ने बताया कि उनसे कहा गया, आप प्रेग्नेंट हैं।



# सुबह उठते ही थकान
## जिम्मेदार हो सकते हैं ये कारण

पूरे दिन काम करने के बाद शाम के समय थकान का अनुभव होना सामान्य हो सकता है, परन्तु पूरी रात सोने के बाद सुबह थकान होने की आखिर क्या वजह हो सकती है? आइये जानते हैं।आप में से कई ऐसे व्यक्ति होंगे जिन्हे सुबह उठते के साथ थकान का अनुभव होता हो। साथ ही कुछ लोग शरीर में अकड़न और दर्द का भी अनुभव करते हैं। इसका असर पूरी दिनचर्या पर पड़ता है। कई बार हम थकान की वजह से अपनी महत्वपूर्ण कार्यों को स्किप कर देते हैं। हालांकि, पूरे दिन काम करने के बाद शाम के समय थकान का अनुभव होना सामान्य हो सकता है, परन्तु पूरी रात सोने के बाद सुबह थकान होने की आखिर क्या वजह हो सकती है? सुबह की थकान के लिए कई सामान्य स्थितियां जिम्मेदार हो सकती हैं। यदि आपको भी सुबह उठते के साथ थकान का अनुभव होता है तो जानें इसके पीछे छिपे कुछ सामान्य कारण। इन्हे समझें और इनमें से आप क्या गलती कर रही हैं उसे पहचानें और फ़ौरन इसपर काम शुरू करें।



**1. ब्लू लाइट एक्सपोजर-**ब्लू लाइट निकालने वाले आर्टिफिशियल लाइटिंग डिवाइस, जो मेलाटोनिन के स्राव को दबा देते हैं, सुबह की थकान के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। यह एक हार्मोन है जो आपके शरीर की सर्कैडियन रिदम को रेगुलेट करने में मदद करता है। मेलाटोनिन की कमी से आपके लिए रात में अच्छी नींद लेना कठिन हो जाता है, जिससे अगली सुबह आपको थकान महसूस होती है।

**2. थायरॉइड की समस्या-**ज़ेन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, मुंबई में परामर्श चिकित्सक और संक्रमण रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत शाह कहते हैं कि यदि आपको थायराइड की समस्या है, तो आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इसकी वजह से सुबह उठने पर आपको थकान महसूस हो सकती है। थायराइड की स्थिति में बहुत कम या बहुत अधिक थायराइड हार्मोन का उत्पादन होता है, जिससे आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म बिगड़ जाता है। यह नींद की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है, जिससे सुबह उठने पर थकान का अनुभव हो सकता है।

**3. डिहाइड्रेशन-**डिहाइड्रेशन से शरीर में अमीनो एसिड की उपस्थिति कम हो जाती है, जिससे मेलाटोनिन के उत्पादन पर असर पड़ता है। पर्याप्त मेलाटोनिन के बिना, रात को अच्छी और पर्याप्त नींद लेना मुश्किल हो जाता है, जिससे दिन के दौरान थकान महसूस कर सकती हैं।

**4. खराब स्लीप एनवायरनमेंट-**स्लीप एनवायरनमेंट आपकी स्लीप क्वालिटी को बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। मैट्रेस संबंधी समस्या की वजह से सुबह उठते के साथ शरीर में अकड़न और दर्द का अनुभव हो सकता है। इसके अलावा आपके रूम का अधिक ठंडा या अधिक गर्म टेम्प्रेचर भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार हो सकता है। वहीं यदि आपके कमरे में अधिक आवाज आती है तो यह भी आपकी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है इस स्थिति में नींद पूरी न होने पर सुबह की थकान का सामना करना पड़ता है।

**5. कैफीन की अधिकता-**पूरे दिन में अधिक बार कॉफ़ी पीने, खासकर दिन में 2 बजे के बाद कॉफ़ी या कैफीन युक्त अन्य ड्रिंक्स के सेवन से नींद आने में परेशानी हो सकती है। ज्यादा कैफीन आपकी रात की नींद की गुणवत्ता को बनाये रखने में परेशानी साथ ही फ्रिक्वेंट यूरिनेशन की स्थिति पैदा करता है। कॉफ़ी, चॉकलेट, और कुछ टी और ड्रिंक्स में कैफीन मौजूद होता है। कैफीन कुछ दवाओं में भी पाया जा सकता है, जिनमें कुछ नुस्खे और ओवर-द-काउंटर दर्द निवारक दवाएं भी शामिल हैं। यह सभी आपकी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं । और रात को उचित नींद प्राप्त न करने की वजह से अगले सुबह आप थकान और बॉडी पेन का अनुभव कर सकती हैं।

**6. एनीमिया-** खून में आयरन का अपर्याप्त स्तर होने से आप सोते समय और अगली सुबह उठने पर थकान महसूस कर सकती हैं। डॉ. शाह के अनुसार आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप आयरन युक्त आहार लें और यदि संभव हो तो आप आयरन की खुराक भी ले सकती हैं। लेकिन इससे पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर करें। पालक, किशमिश, खुबानी, मटर, बीन्स, सी फूड्स, पोल्ट्री आदि को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।



# कार्यालय बाल विकास परियोजना गोविंदगढ़ में तिरंगा रैली का हुआ भव्य समापन

**चौमूं (हमारा वतन)।** विभागीय आदेशानुसार कार्यालय बाल विकास परियोजना, गोविंदगढ़ में समस्त मानदेय कर्मियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित तिरंगा रैली का सफलतापूर्वक एवं भव्य समापन किया गया।

इस अवसर पर देशभक्ति के जोश के साथ निकली रैली में परियोजना क्षेत्र की समस्त आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मानदेयकर्मी पूर्ण उत्साह और अनुशासित रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक शांता सोनी, सरला, उषा, सीमा, संजय एवं अमित कुमार खण्डेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैलियों एवं समापन समारोह के दौरान अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने तिरंगे के सम्मान, राष्ट्रीय चेतना तथा विभागीय योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में मानदेय कर्मियों एवं कार्यकर्ताओं के अमूल्य योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं भारत माता के जयघोष के साथ हुआ।

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

# सम्पादकीय.....

# धरती को नहीं, हमें हैं खतरा

धरती को हमारी सहानुभूति की आवश्यकता नहीं है। उसने हमसे कहीं अधिक बड़े संकटों का सामना किया है और भविष्य में भी किसी न किसी रूप में अपना संतुलन बना लेगी। लेकिन यदि हमने समय रहते अपनी नीतियों, अपनी अर्थव्यवस्था और अपनी जीवनशैली में आवश्यक परिवर्तन नहीं किए, तो सबसे अधिक खतरा उसी प्रजाति पर आएगा जो स्वयं को इस ग्रह का सबसे बुद्धिमान जीव मानती है। इसलिए आज का सबसे बड़ा पर्यावरणीय संदेश शायद यही है कि धरती नहीं, हम संकट में हैं मानव सभ्यता ने स्वयं को पृथ्वी का स्वामी मानने की भूल शायद बहुत पहले कर दी थी। हमने जंगलों को संसाधन, नदियों को जल-भंडार, पर्वतों को खनिज-भंडार और महासागरों को व्यापारिक मार्ग समझ लिया। विकास की हमारी परिभाषा में प्रकृति साझेदार नहीं, उपभोग की वस्तु बन गई। आज जब जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी, बाढ़, सूखा,


राम गोपाल सैनी

जंगलों की आग और जैव विविधता के तेजी से घटने जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, तब पूरी दुनिया 'धरती को बचाने' की बात कर रही है। लेकिन शायद सबसे पहले हमें अपनी सोच बदलनी होगी। वास्तविकता यह है कि संकट धरती पर नहीं, हम पर है। बीसवीं शताब्दी के प्रसिद्ध ब्रिटिश वैज्ञानिक जेम्स लवलॉक ने एक विचार रखा था, जिसे 'गाया परिकल्पना' के नाम से जाना जाता है। उस समय इस विचार को कई वैज्ञानिकों ने अस्वीकार कर दिया था। लवलॉक का कहना था कि पृथ्वी केवल जीवन को आश्रय देने वाला निर्जीव ग्रह नहीं है, बल्कि एक ऐसी जटिल और परस्पर जुड़ी हुई प्रणाली है जो स्वयं अपने संतुलन को बनाए रखने की क्षमता रखती है। वातावरण, महासागर, मिट्टी, वनस्पतियां और सूक्ष्म जीव, ये सब अलग-अलग इकाइयां नहीं, बल्कि एक जीवंत तंत्र के परस्पर जुड़े हुए अंग हैं। मनुष्य का शरीर अपने तापमान, रक्तचाप और अनेक जैविक प्रक्रियाओं को स्वयं नियंत्रित करता है।उसी प्रकार पृथ्वी भी करोड़ों वर्षों से अपने भीतर संतुलन स्थापित करती रही है। कहीं कार्बन की मात्रा बढ़ती है तो वनस्पतियां उसे अवशोषित करने का प्रयास करती हैं। समुद्र की रासायनिक संरचना बदलती है तो समुद्री जीव अपने ढंग से उसे संतुलित करने में योगदान देते हैं। प्रकृति के भीतर अनगिनत ऐसी प्रक्रियाएं लगातार चलती रहती हैं, जिनके कारण जीवन संभव हो पाता है। इतिहास बताता है कि पृथ्वी ने अपने लगभग साढ़े चार अरब वर्ष के अस्तित्व में अनेक महाविनाश देखे हैं। विशाल उल्कापिंडों की टक्कर, महाविस्फोटक ज्वालामुखी, हिमयुग और ऐसी अनेक घटनाएं हुई जिन्होंने असंख्य जीवों का अस्तित्व समाप्त कर दिया। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी पर महा विनाश की पांच बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, फिर भी जीवन समाप्त नहीं हुआ। नई परिस्थितियों के अनुरूप नई प्रजातियां विकसित होती रहीं और प्रकृति ने स्वयं को बार-बार पुनर्गठित किया। यही तथ्य हमें सबसे महत्वपूर्ण सीख देता है। पृथ्वी का इतिहास यह नहीं बताता कि वह नष्ट हो जाएगी। वह यह बताता है कि यदि परिस्थितियां बदलती हैं तो पृथ्वी स्वयं को बदल लेती है। प्रश्न यह नहीं है कि धरती बचेगी या नहीं। प्रश्न यह है कि क्या बदलती हुई परिस्थितियों में मनुष्य और उसकी सभ्यता स्वयं को बचा पाएंगे? औद्योगिक क्रांति के बाद पिछले दो सौ वर्षों में मानव गतिविधियों ने प्रकृति के संतुलन पर अभूतपूर्व दबाव डाला है। जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, अनियंत्रित खनन, जंगलों की कटाई, नदियों का प्रदूषण और असीम उपभोग की संस्कृति ने प्राकृतिक प्रणालियों को प्रभावित किया है। आर्थिक विकास आवश्यक है, लेकिन यदि विकास का मॉडल प्रकृति की वहन क्षमता से टकराने लगे तो अंततः उसकी कीमत मनुष्य को ही चुकानी पड़ती है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। हर वर्ष नए तापमान रिकॉर्ड बन रहे हैं।

# जयपुर में स्टारडम फेस्ट एंड अवॉर्ड 12 सितंबर को

**जयपुर (हमारा वतन)**

फैशन और लाइफस्टाइल की दुनिया में एक भव्य आयोजन स्टारडम फेस्ट एंड अवॉर्ड आगामी 12 सितंबर 2026 को राज आंगन रिसॉर्ट जयपुर में आयोजित होने जा रहा है। प्रोग्राम की आयोजक ईशा कोहली ने बताया कि इस शानदार आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और फैशन इंडस्ट्री को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में स्टार प्लस की लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री कांची सिंह बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट शिरकत करेंगी। उनकी मौजूदगी इस आयोजन को और भी खास बनाएगी।

आयोजन के तहत एक भव्य फैशन शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें 50 से अधिक मॉडल्स रैंप पर अपने हुनर और अदाओं का जलवा बिखेरेंगे। फैशन जगत से जुड़े डिजाइनर्स, मॉडल्स और अन्य प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक शानदार मंच मिलेगा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य कर रहे प्रतिभाशाली लोगों को स्टारडम अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किए जाएंगे जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और समाज एवं इंडस्ट्री में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में लाइफ स्टाइल एग्जिबीशन का भी आयोजन होगा, जिसमें फैशन, लाइफस्टाइल और विभिन्न ब्रांड्स को अपनी पहचान और उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।




द वॉग एजुकेशन द्वारा प्रस्तुत इस आयोजन की ऑर्गनाइज़र ईशा कोहली हैं आयोजन का उद्देश्य फैशन, प्रतिभा और महिला सशक्तिकरण को एक मंच पर लाकर नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा फैशन और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री को एक मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान करना है।

# समाज के मंच पर सम्मानित होना गर्व का विषय- सुरेश मिश्रा




**जयपुर (हमारा वतन)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात के तत्वावधान में 30 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले सर्व ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विप्र गौरव अलंकरण समारोह के पोस्टर का विमोचन गोविंदगढ़ में महासभा के राष्टीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के सानिध्य में किया गया।

इस अवसर पर राष्टीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि समाज के मंच पर समाज बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित होना हर परिवार के लिए गर्व का विषय है। इससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, प्रदेश सचिव राजेश कौशिक ,जिला सचिव योगेश शर्मा सहित महासभा पदाधिकारी सदस्य एवं समाज बंधु उपस्थित रहे।

समारोह संयोजक दीपिका पारीक एवं टिंकू शर्मा ने जानकारी दी कि इस वर्ष कक्षा 10-12 में 80 प्रतिशत या अधिक, स्नातक-स्नातकोत्तर एवं समकक्ष परीक्षाओं में 70 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ NEET, IIT एवं विभिन्न राजकीय सेवाओं में चयनित समाज की प्रतिभाओं का अभिनंदन किया जाएगा।




# राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

**चौमूं (हमारा वतन)।** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार द्वारा उपस्थित सभी को मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन संबंधी शपथ दिलाई गई। साथ ही प्राचार्य ने छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ लोकतंत्र के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा लोकतंत्र एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित भाषण प्रस्तुत किए गए। डॉ. प्रेमलता परसोया द्वारा मतदाता जागरूकता के महत्व पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया तथा छात्राओं को अपने मताधिकार के प्रति सजग एवं जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में निर्वाचन साक्षरता क्लब संयोजक डॉ. प्रीति सिंह, राष्टीय सेवा योजना प्रभारी एवं रेंजर्स प्रभारी तथा महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों एवं कर्मचारीगण का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।